# आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच के लिये इकाना स्टेडियम की पिच को आईसीसी और बीसीसीआई की हरी झंडी

## चर्चा में क्यों?

5 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच के लिये लखनऊ के इकाना स्टेडियम की पिच को आईसीसी और बीसीसीआई की टीम ने हरी झंडी दे दी है।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि 4 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद **(ICC)** और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड **(BCCI)** की टीम ने इकाना स्टेडियम **(Ekana Stadium**) का निरीक्षण किया था। इस टीम ने सभी नौ पिच, आउट फील्ड सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली थी।
- क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ का 5 अक्तूबर से आगाज़ हो जाएगा। इस महाकुंभ का ओपनिंग मैच पिछले बार की डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और रनरअप रही न्यूज़ीलैंड के बीच अहमदाबाद में खेला जाएगा।
- लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में वर्ल्ड कप 2023 के 5 मुकाबले खेले जाएंगे। ऐसा पहली बार है, जब लखनऊ क्रिकेट वर्ल्ड कप की मेज़बानी करेगा। इकाना स्टेडियम में टूर्नामेंट का पहला मैच 13 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा।
- आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के पाँच मुकाबलों के बाद लखनऊ को सीनियर महिला इंटर जोनल 20-20 और महिला अंडर-23 एकदिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी के 37 मैचों की मेजबानी का मौका मिला है। ये सभी मुकाबले भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। लखनऊ के इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब वह इतनी बड़ी संख्या में क्रिकेट मुकाबलों की मेज़बानी करेगा।





PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/icc-and-bcci-give-green-signal-to-ekana-stadium-pitch-for-icc-cricket-world-cup-match

दृष्टि The Vision